**उपलब्धि** | **यूपी ने पारदर्शी खरीद प्रणाली में रचा इतिहास, ₹14 लाख करोड़ की खरीद में बड़ी भागीदारी**

# 'जेम' पोर्टल पर यूपी अग्रणी, केंद्र ने सराहा

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर डिजिटल और पारदर्शी प्रशासन में अपनी अग्रणी भूमिका को सिद्ध किया है। गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस ( 'जेम' ) के माध्यम से की गई खरीद में उत्तर प्रदेश ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन के लिए केंद्र से सराहना भी प्राप्त की है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जेम के माध्यम से राज्य की सक्रिय भागीदारी और योगदान की खुले शब्दों में प्रशंसा की है।

साथ ही उन्होंने योगी सरकार के इस प्रयास को अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल भी बताया है। पीयूष गोयल ने पत्र के साथ ही पांच वर्षों में 'जेम' पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई खरीद का डाटा भी दिया है, जिसके अनुसार प्रदेश सरकार ने वर्ष 2020-21 से 2024-25 के दौरान 65,227 करोड़ रुपये से ज्यादा की खरीद की है।

**उत्तर प्रदेश ने दिखाई नेतृत्व क्षमता :** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ₹5.43 लाख करोड़ मूल्य के 72 लाख से अधिक क्रय आदेश पूरे किए गए, जो देश की सार्वजनिक खरीद प्रणाली के लिए एक नया कीर्तिमान है। 'जेम' की स्थापना से लेकर अब तक 2.9 करोड़ से अधिक ऑर्डर्स के ज़रिए ₹14 लाख करोड़ से अधिक की खरीद हो चुकी है। इसमें उत्तर प्रदेश सरकार का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। 'जेम' पर अब तक 11,000 से अधिक उत्पाद श्रेणियों और 330 से ज्यादा सेवा श्रेणियों को शामिल किया जा चुका है।



## वर्ष 20-21 से 24-25 में 'जेम' पर यूपी की खरीदारी

| | |
|---|---|
| 2020-21 | 4,622.16 |
| 2021-22 | 11,286.29 |
| 2022-23 | 12,242.48 |
| 2023-24 | 20,248.00 |
| 2024-25 | 16,828.75 |
| कुल | 65,227.68 |

## ये विभाग खरीदारी में शीर्ष पर रहे

| विभाग | ऑर्डर वैल्यू ( करोड़ रुपये में) |
|---|---|
| नगर विकास विभाग | 11,588.28 |
| स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 9,257.14 |
| आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स | 8,241.60 |
| चिकित्सा शिक्षा विभाग | 4,589.52 |
| गृह विभाग | 4,116.80 |
| ऊर्जा विभाग | 2,515.87 |
| बेसिक शिक्षा विभाग | 1,958.27 |